संपादकीय

भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम

भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम के लिए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रख्यात व सार्वजनिक हस्तियों को जिम्मेदार व्यवहार करना चाहिए। अदालत ने निर्देश दिया कि विज्ञापन जारी करने की अनुमति से पहले केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 के अनुसार, विज्ञापनदाताओं से स्वघोषणापत्र हासिल किया जाए। इस कानून का नियम 7 विज्ञापन संहिता का प्रावधान करता है जिसमें कहा गया है कि विज्ञापन देश के कानूनों के अनुरूप बनाए जाने चाहिए। अदालत पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा भ्रामक विज्ञापनों से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही है। ये विज्ञापन निषिद्ध किए जा चुके हैं।

पीठ ने संबद्ध केंद्रीय मंत्रालयों को भी इन भ्रामक विज्ञापनों व केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण द्वारा की गई या प्रस्तावित कार्रवाई से अवगत कराने को भी कहा। प्रचार व विज्ञापन उपभोक्ता को प्रभावित करने में महती भूमिका निभाते हैं। उस पर जब यह किसी प्रख्यात या सार्वजनिक शख्सियत द्वारा किया जा रहा हो तो आम जनता को खास तौर पर प्रभावित करता है। इस मामले में तो कोविड टीकाकरण व आधुनिक चिकित्सा पप्राली को सीधा निशाना बनाया गया था जिस पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने याचिका दायर की जिस पर सुनवाई चल रही है।

इसमें संदेह नहीं कि लाभ के लोभ में कंपनियां भ्रामक प्रचार द्वारा सालों-साल जनता को बरगलाती रहती हैं। संबंधित मंत्रालय व विभाग इनके प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने से मुंह फेर लेते हैं। निराधार दावों, अतिरंजित बातों, छद्म दावों व अनुचित सूचना वाले तथा असुरक्षित उत्पादों से उपभोक्ताओं को प्रभावित कर रहे तमाम विज्ञापन अभी भी बेधड़क प्रकाशित/प्रचारित हो रहे हैं जो बच्चों के कोमल मन को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं, युवाओं को दिग्भ्रमित व बुजुगरे को भ्रमित कर रहे हैं।

नियमों की अवहेलना करते हुए नामदार शख्सियत धन के लोभ में इनका बेतहाशा प्रचार करती हैं जिनके आधार पर कहना ज्यादती नहीं होगा कि वे उपभोक्ताओं के अधिकारों को तरजीह देने को राजी नहीं। ऐसा सिर्फ इसीलिए हो रहा है क्योंकि समूची व्यवस्था अपनी जिम्मेदारियों के प्रति घोर लापरवाही बरतती है। बात अकेले पतंजलि की नहीं है। इसे उदाहरण मान कर संबंधित मंत्रालयों व विभागों को सतर्क हो जाना चाहिए। न कि एक-एक विज्ञापन को लेकर अदालतों का दरवाजा खटखटाने वालों के इंतजार में बैठे रहना चाहिए।

पेटीएम का धमाकेदार ऑफर, फ्लाइट, ट्रेन और बसों की बुकिंग पर दे रहा जबरदस्त डिस्काउंट

नई दिल्ली

वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम ने पेटीएम ट्रैवल कार्निवल' लॉन्च किया, जिसके तहत फ्लाइट, ट्रेन और बसों समेत यात्रा बुकिंग पर विशेष समर डील तथा डिस्काउंट मिलेंगे। स्पेशल सेल 17 से 21 मई तक चलेगा।

यूजर पेटीएम के माध्यम से घरेलू उड़ानों की बुकिंग के लिए प्रोमो कोड सूरूश्वक्रसूररुश्व का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे उन्हें शून्य सुविधा शुल्क और अधिकतम 750 रुपये तक 10 प्रतिशत का डिस्काउंट मिलेगा। अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की बुकिंग के लिए प्रोमो कोड ढ्ढहृञ्जरुसूररुश्व के इस्तेमाल पर अधिकतम दो हजार रुपये तक आठ प्रतिशत की छूट मिलेगी।

इसके अलावा सभी फ्लाइट बुकिंग पर नि:शुल्क कैंसिलेशन और बेस्ट-प्राइस की गारंटी होगी जिसके तहत एक तरफ की यात्रा या राउंड-ट्रिप टिकट के लिए सबसे कम कीमत सुनिश्चित की जाएगी।

पेटीएम के एक प्रवक्ता ने कहा, गर्मियों में लोग यात्रा करना चाहते हैं और इसलिए समर ट्रैवल सेल की घोषणा करते हुए हमें खुशी हो रही है जिसमें उड़ानों, ट्रेन और बसों के टिकट पर सबसे ज्यादा छूट उपलब्ध है। हमारा उद्देश्य इन ऑफरों के साथ हमारे ग्राहकों को नये गंतव्यों को जानने और बिना ज्यादा लागत के गर्मी की छुट्टियों का आनंद उठाने में सक्षम बनाना है।

वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के स्वामित्व वाली पेटीएम प्रोमो कोड ष्टक्रंड्घसूररुश्व के इस्तेमाल पर बस टिकटों पर 500 रुपये की छूट दे रही है। इसके अलावा चुनिंदा ऑपरेटरों के साथ बुकिंग पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त छूट मिलेगी।

पेटीएम के जरिये बुक कराये गये बस टिकट के साथ बस की लाइव ट्रैकिंग, नि:शुल्क कैंसिलेशन और बेस्ट-प्राइस की गारंटी मिल रही है। महिला यात्रियों की कंफर्ट और सुरक्षा के लिए बस रेटिंग, महिलाओं द्वारा सबसे ज्यादा बुक कराई गई और फीमेल फेवरेट जैसे फीचर दिये गये हैं ताकि वे विश्वसनीय जानकारी के आधार पर विकल्प चुन सकें।

ट्रेन टिकट के मामले में पेटीएम यूपीआई से टिकट बुकिंग कराने पर लगने वाला कोई भी शुल्क नहीं लेगा। इसके साथ ही लाइव ट्रेन स्टेटस अपडेट, आसान तत्काल बुकिंग, पीएनआर चेक, सीट की गारंटी और नि:शुल्क कैंसिलेशन जैसी सुविधाएं मिल रही हैं ताकि ट्रैवल प्लानिंग का अनुभव बेहतर बनाया जा सके।

प्रवक्ता ने कहा, हमारा मानना है कि इस फ्लेक्सिबिलिटी से हमारे ग्राहकों का यात्रा अनुभव बेहतर बनेगा, उन्हें दिमागी शांति मिलेगी और वे बिना किसी झंझट के यात्रा की योजना बना सकेंगे।

विशेष सत्र में 114 अंक चढ़ा सेंसेक्स, मिडकैप और स्मॉलकैप में खरीदारी

मुंबई

भारतीय शेयर बाजार शनिवार को हल्की तेजी के साथ खुले। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में खरीदारी देखी जा रही है। सुबह 9:20 तक सेंसेक्स 114 अंक या 0.15 प्रतिशत बढक़र 74,031 अंक पर और निफ्टी 40 अंक या 0.19 प्रतिशत बढक़र 20,506 अंक पर था। डिजास्टर रिकवरी साइट टेस्ट होने के कारण बाजार आज दो सत्रों में खुला है। पहला सत्र सुबह 9:15 से लेकर 10:00 बजे तक होगा और दूसरा 11:30 से लेकर 12:30 तक होगा।

एक्सचेंजों की ओर से डिजास्टर रिकवरी साइट बनाई गई है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में ट्रेडिंग को इन साइटों पर शिफ्ट किया जा सके। बड़े शेयरों की अपेक्षा बाजार में छोटे मझोले शेयरों में ज्यादा तेजी है। निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 298 अंक या 0.56 प्रतिशत बढक़र 51,893 अंक पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक 142 अंक या 0.84 प्रतिशत बढक़र 17,013 अंक पर है। सेंसेक्स के 30 में से 26 शेयर हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं।

पावर ग्रिड, नेस्ले, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक और टीसीएस के शेयर सबसे ज्यादा चढ़े। जेएसडब्लू स्टील, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी में सबसे ज्यादा गिरावट रही। शुक्रवार के सत्र में अमेरिकी बाजार में तेजी थी। बाजार के जानकारों का कहना है कि अमेरिका के बाजारों में तेजी से वैश्विक संकेत सकारात्मक बने हुए हैं। लोकसभा चुनाव के कारण बाजार में उतार-चढ़ाव बना हुआ है।

मिजोरम ने असम को 5-1 से हराया, सेमीफाइनल में दिल्ली से मुकाबला

नारायणपुर(छत्तीसगढ़)। मिजोरम ने शनिवार को रामकृष्ण मिशन आश्रम मैदान में असम पर 5-1 से जीत के साथ पुरुष स्वामी विवेकानंद अंडर-20 राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा।

मिजोरम ने शानदार फॉर्म के साथ मैच में प्रवेश किया और अपने तीन ग्रुप मैचों में 15 गोल किए और सभी नौ उपलब्ध अंकों के साथ ग्रुप एफ में शीर्ष स्थान हासिल किया।

मिजोरम की इस टीम की गोल स्कोरिंग क्षमताओं के बारे में ज्यादा संदेह नहीं था और उन्होंने यह साबित कर दिया जब उन्होंने मैच के दूसरे ही मिनट में लालरेमत्लुआंगा की फ्री किक के जरिए स्कोरिंग की शुरुआत की।

असम ने पहले हाफ में संघर्ष दिखाया और उत्तम लिंबू के गोल की बदौलत 18वें मिनट में मैच बराबर कर लिया, जो अभिनाश बोरो के क्रॉस पर हुआ।

बॉक्स के बाहर से इमानुएल लालहरुइजेला की बाएं पैर की वॉली से मिजोरम ने 43वें मिनट में शानदार अंदाज में बढ़त बना ली और पहला हाफ 2-1 से समाप्त हुआ। दूसरे हाफ में मिजोरम ने तीन गोल किए, जिसमें लालरेमत्लुआंगा का दिन का दूसरा गोल भी शामिल था, जिसने मैच को 5-1 से जीत लिया।

कस्टमर्स को हेल्दी रखने के लिए जोमैटो ने लॉन्च किया नया फीचर

नई दिल्ली

आनलाइन फूड एग्रीगेटर जोमैटो के सह-संस्थापक और सीईओ दीपिंदर गोयल ने कस्टमर्स के लिए एक नया फीचर लॉन्च किया, जो स्वस्थ विकल्प चुनने में मदद करेगा।

शुरुआत करने के लिए, कंपनी ने 'नान' के विकल्प के रूप में 'रोटी' का सुझाव देना शुरू किया है। गोयल ने कहा कि कंपनी ने इन सुझावों के लिए सात प्रतिशत अटैच रेट देखा है, और हमें इस फीचर के लिए काफी पॉजिटिव फीडबैक मिला है।

गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, हम जल्द ही इसे अन्य डिश और कैटेगिरी में भी लागू करने की प्लानिंग कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, अगर आपको किसी मिठाई की क्रेविंग हो रही हैं और आप अपने कार्ट में मिठाई जोड़ते हैं, तब हम आपको विकल्प के रूप में कम कैलोरी वाली मिठाई दिखा सकते हैं।

मार्च में, गोयल को जोमैटो प्लेटफॉर्म पर 'ग्रीन' यूनिफॉर्म पहनने वाले राइडर्स के साथ 'प्योर वेज मोड' लॉन्च करने के फैसले पर आलोचना का सामना करना पड़ा था।

कड़ी आलोचना के बाद, कंपनी ने बाद में देश भर में अपने कस्टमर्स को वेजिटेरियन डिलीवरी देने के लिए कलर को ग्रीन से रेड में बदल दिया।

फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म ने वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में 175 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में 188 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। शुक्रवार को कंपनी का शेयर 194 रुपये के आसपास रहा।

फैंस की हूटिंग से हार्दिक और टीम का प्रदर्शन प्रभावित हुआ: बाउचर

मुंबई

इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने माना है कि हार्दिक पांड्या को रोहित शर्मा की जगह पर कप्तान बनाने के बाद, प्रशंसकों की आलोचना ने आईपीएल 2024 में उनकी टीम के प्रदर्शन को प्रभावित किया।

शुक्रवार को मुंबई की टीम को उनके लीग स्टेज के आखिरी मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के ख़िलाफ़ 18 रनों की हार झेलनी पड़ी। इस हार के बाद मुंबई की टीम ने अंक तालिका में 10वें और आखिरी स्थान पर इस सीजन को समाप्त किया। रोहित शर्मा इस मैच में फिर से एक इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेले। हालांकि पहली पारी में भले ही वह मैदान पर नहीं थे लेकिन जब हार्दिक गेंदबाज़ी करने आए तो स्टेडियम में मौजूद फ़ैंस रोहित शर्मा का नारा लगाते दिखे।

दूसरी पारी के दौरान भी हाल कुछ ऐसा ही था। जब रोहित 38 गेंदों में 68 रनों की पारी खेलने के बाद वापस डगआउट जा रहे थे, तब फैंस ने तालियों की गडग़ड़ाहट के साथ उनकी इस पारी के लिए उनका धन्यवाद किया लेकिन उसके बाद जैसे ही हार्दिक बल्लेबाज़ी के लिए आए तो लोगों ने उनके ख़िलाफ़ हूटिंग शुरू कर दी।

बाउचर ने स्वीकार किया कि इस सीजन में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं था, लेकिन उम्मीद है कि टीम प्रबंधन अगले सीजन से पहले कुछ अच्छे फ़ैसले करेगा।

बाउचर ने कहा, ऐसी कई चीज़ें हैं जिनमें हमें सुधार की ज़रूरत है, चाहे वह मैदान पर हो या मैदान के बाहर। हमारे टीम प्रबंधन में कई महान खिलाड़ी मौजूद हैं। हम एक साथ बैठेंगे और इस पर चर्चा करेंगे कि कैसे इन खिलाडिय़ों से उस तरह के प्रदर्शन को बाहर निकाला जाए, जिसके लिए ये सक्षम हैं।

इस सीजन में बहुत सारी ऐसी चीज़ें हो रही थीं, जिनका हिस्सा बनना कहीं से भी अच्छा अनुभव नहीं था। कुछ चीज़ें पहले किसी खिलाड़ी को प्रभावित करती हैं और फिर टीम को भी प्रभावित करती है।

निलंबित होने के कारण अगले सीजन का पहला मैच नहीं खेलेंगे हार्दिक पांड्या

मुंबई

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या को धीमी ओवर गति को लेकर एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है। अब वह अगले सीजन का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे।

वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के ख़िलाफ़ उनकी टीम समय पर अपने ओवर ख़त्म नहीं कर पाई थी। मुंबई के लिए यह मैच आईपीएल 2024 का आखिरी मैच था। इसका मतलब यह हुआ कि हार्दिक अगले सीजन का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। यदि हार्दिक अगले सीजन के लिए किसी अन्य टीम में चले जाते हैं, तो वह उस विशेष टीम का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे।

इस आईपीएल सीजन में यह तीसरी बार था जब मुंबई न्यूनतम ओवर रेट बनाए रखने में विफल रही। परिणामस्वरूप एक मैच के प्रतिबंध के अलावा हार्दिक पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया और इम्पैक्ट प्लेयर सहित बाकी प्लेइंग बारह पर व्यक्तिगत रूप से 12 लाख रुपये या उनके मैच फीस का 50 फीसदी का जुर्माना लगाया गया। मुंबई के लिए यह एक निराशाजनक सत्र रहा है। लीग चरण में उनके आखिरी मैच में भी उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स से 18 रनों की हार सामना करना पड़ा। इस सीजन मुंबई की टीम ने सिफर् चार ही मैच जीते और अंकतालिका में 10वें पायदान पर रहे।

रोहित शर्मा की जगह पर कप्तान बनने के बाद फ़ैंस ने पूरे सीजन हार्दिक के ख़िलाफ़ हूटिंग की। इसका साफ़ असर उनके प्रदर्शन पर भी देखने को मिला। उन्होंने इस सीजन 13 पारियों में सिफर् 18 की औसत से मात्र 216 रन बनाए। साथ ही गेंद के साथ उन्होंने 12 पारियों में 11 विकेट लिए और उनकी इकॉनमी 10.75 की रही।मुंबई के कोच मार्क बाउचर ने भी माना कि फ़ैंस ने जिस तरह से हार्दिक की आलोचना की, उसका प्रभाव टीम और हार्दिक के प्रदर्शन पर पड़ा।

बड़े पर्दे पर धमाका मचाने के बाद ओटीटी पर लौटी कॉमेडी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस, प्राइम वीडियो पर शुरु हुआ प्रीमियर!

मडगांव एक्सप्रेस से कुणाल खेमू ने बतौर निर्देशक बड़े पर्दे पर कदम रखा है। कम बजट में बनी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई की थी। अगर आपने बाय चांस सिनेमाघर में इस फिल्म को मिस कर दी है तो कोई फिक्र करने की जरूरत नहीं है क्योंकि सिनेमाघरों के बाद फिल्म ओटीटी पर आ गई है।

मडगांव एक्सप्रेस दो महीने के बाद सिनेमाघरों से उतरकर ओटीटी पर रिलीज की गई है। कॉमेडी से भरी फिल्म में मिर्जापुर के मुन्ना भैया उर्फ दिव्येंदु, अविनाश तिवारी और प्रतीक गांधी ने अपने अभिनय से दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान ला दी थी। कुणाल खेमू के निर्देशन की भी कम तारीफ नहीं हुई।

22 मार्च को थिएटर्स में रिलीज हुई मडगांव एक्सप्रेस करीब दो महीने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई है। यह मूवी ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। प्राइम वीडियो के इंस्टाग्राम हैंडल से जानकारी साझा की गई है। पोस्टर के साथ लिखा गया है, आखिरकार गोवा ट्रिप ने जीसी को छोड़ दिया है।

मडगांव एक्सप्रेस के ओटीटी पर आते ही फैंस खुशी से गदगद हो गये हैं। एक यूजर ने कहा, इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। एक और ने कहा, फुल एंटरटेनमेंट से भरी फिल्म। जरूर देखनी चाहिए।

रोहित सराफ की फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड को मिली नई रिलीज तारीख, नया पोस्टर भी जारी

रोहित सराफ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड को लेकर चर्चा में हैं।इस फिल्म में जिबरान खान, पश्मीना रोशन और नैना ग्रेवाल जैसे सितारे भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। निपुण अधिकारी ने इस फिल्म का निर्देशन किया है।अब रोहित ने इश्क विश्क रिबाउंड के एक साथ 5 पोस्टर जारी किए हैं, जिन्हें सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है।इसके साथ रोहित ने फिल्म की नई रिलीज तारीख का ऐलान कर दिया है।

फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड पहले 28 जून, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। अब इस फिल्म की नई रिलीज तारीख का ऐलान हो गया है।इस फिल्म के लिए आपको ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा। यह फिल्म अब 21 जून, 2024 को सिनेमाघरों का रुख करेगी।

आज का राशिफल

मेष: आज आपके लिए दिन पॉजीटिव रहने वाला है। आज आपका पारिवारिक मामला किसी बड़े बुजुर्ग की सहायता से सुलझ जायेगा, परिवार में फिर से खुशियाँ आ जाएगी। आज अपनी दिनचर्या के कार्यों के अतिरिक्त कुछ और जानकारियां हासिल करने में भी समय बीतेगा।

वृष: आज आपका दिन खास रहने वाला है। आज आप कई तरह की गतिविधियों में दिन बिताएंगे इसके साथ ही कठिन से कठिन काम को पूरे निश्चय के साथ पूरे कर लेंगे। आज व्यवसाय में अधिक मुनाफा होने की स्थिति बन रही है।

मिथुन: आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला है। आज ऑफिस में आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करेंगे आपको सफलता मिलेगी। आज कुछ खास लोगों से मुलाकात का अवसर मिलेगा और रुका काम भी व्यवस्थित होगा।

कर्क: आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज दिन भर सकारात्मक और अनुशासित दृष्टिकोण आपको खुश रखेगा।

सिंह: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। बिजनेस के लिए आज दिन शानदार रहने वाला है। अगर आप रियल स्टेट का काम करते है तो आज कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। ऑफिस के कार्यभार की अधिकता की वजह से ओवर टाइम भी करना पड़ सकता है।

कन्या: आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है, जिनके खातिरदारी में आप व्यस्त रहेंगे। कविता लिखने के शौकीन लोगों को आगे बढऩे का प्लेटफार्म किसी दोस्त की मदद से मिलेगा।

तुला: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कारोबार में अपनी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। आज कोई अच्छी खबर आपको मिलेगी। आज बच्चों के साथ समय बिताएंगे उनके मन की बातों को समझेंगे।

वृश्चिक: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपसे कोई मित्र आर्थिक मदद मांग सकता है। नये प्रॉजेक्ट को पूरा करने में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। अनचाहे भय से मुक्ति मिलेगी।

धन: आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में अपनापन बढ़ेगा। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे। बच्चों के साथ आपसी लगाव बढ़ेगा।

मकर: आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। खान-पान में लापरवाही स्वास्थ के लिए हानिकारक साबित हो सकती है। कानूनी कार्यों के लिए भागदौड़ से थकावट का एहसास होगा।

कुंभ: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज के दिन आप किसी नई रचना की शुरुआत भी कर सकते हैं। आज सहकर्मियों की सहायता से आप बड़े से बड़े प्रोजेक्ट को आसानी से निपटा सकते हैं।

मीन: आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। आज दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे। आज आपके स्वास्थ में बेहतरी बनी रहेगी। आज सोंची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में सफलता मिलेगी। जमीन जायदाद से जुड़े मामलों में सफलता मिलेगी।

हंसल मेहता ने आगामी सीरीज स्कैम 2010-द सुब्रत रॉय का किया ऐलान, सोनी लिव पर जल्द होगा प्रसारण

मशहूर डायरेक्टर और फिल्म मेकर हंसल मेहता अपनी नई स्कैम सीरीज़ स्कैम 2010: द सुब्रत रॉय सागा के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। डायरेक्टर ने पहले अपनी सीरीज़ स्कैम 1992 और स्कैम 2003 के लिए काफी प्रसिद्धि हासिल की है, और उनकी स्कैम सीरीज़ की सूची में यह नए जुड़ाव आशाजनक लग रहा है।

हंसल मेहता ने ट्विटर पर एक टीजऱ वीडियो के साथ नई स्कैम सीरीज़ की घोषणा की और लिखा, सीरीज का तीसरा भाग वापस आ गया है! स्कैम 2010: द सुब्रत रॉय सागा, जल्द ही सोनी लिव पर आ रहा है।

फिल्म स्कैम 2010, मनमौजी व्यवसायी सुब्रत रॉय की धूल से हीरे बनने की कहानी है। 2000 के दशक की शुरुआत में, ग्लैमरस रॉय चिट-फंड हेरफेर से लेकर फर्जी निवेशकों तक के आरोपों के बवंडर में फंस गए, जिसके कारण अंतत: 2014 में उनकी गिरफ्तारी हुई। 25,000 करोड़ रुपये अभी भी सरकारी अधिकारियों के पास लावारिस पड़े हैं, घोटाले के दुष्परिणाम आज भी सुनाई दे रहे हैं।

हंसल मेहता ने नई सीरीज के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया और कहा, स्कैम मेरे लिए सिर्फ एक फ्रेंचाइजी नहीं है। यह हमारे समय का इतिहास है। मैं जीवन से भी बड़ी कहानी को जीवंत करने के लिए अप्लॉज और सोनी लिव के साथ फिर से सहयोग करने के लिए रोमांचित हूं।

स्कैम 1992: द हर्षद मेहता स्टोरी और स्कैम 2003: द टेल्गी स्टोरी की सफलता पर आधारित, नवीनतम किस्त भारत के सबसे चर्चित वित्तीय घोटालों में से एक – स्कैम 2010 – द सुब्रत रॉय सागा की गहराई में उतरेगी। तमल बंद्योपाध्याय की पुस्तक – सहारा: द अनटोल्ड स्टोरी पर आधारित, श्रृंखला का निर्माण स्टूडियो नेक्स्ट के सहयोग से अप्लॉज़ एंटरटेनमेंट द्वारा किया जाएगा और हंसल मेहता द्वारा निर्देशित किया जाएगा।

शब्द सामर्थ्य- 61

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 060 का हल

दि	क्क	त	■	आ	सा	न	■	आ
ल	■	मी	■	खि	■	सी	ख	ना
■	म	ज	बू	र	■	ह	■	जा
स	र्द	■	■	का	■	त	रा	ना
र	■	■	■	र	वि	■	ह	■
प	ह	ना	ना	■	ना	रा	ज	■
ट	■	■	क	शि	श	■	नी	ला
■	र	■	■	का	■	रा	■	य
खा	ति	र	दा	री	■	त	क्ष	क

सू-दोकू- 61

	9			2				1
		5	1				3	
7				9		8		5
	8		3		7		5	
2		7				1		3
	4			1			8	
6		2			9			
	5		7			3		
		8		5			6	7

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.060 का हल

7	8	2	6	3	1	4	5	9
6	4	1	8	5	9	2	7	3
9	3	5	4	7	2		1	8
2	6	3	1	9	7	5	8	4
5	7	8	3	6	4	1	9	2
1	9	4	5	2	8	7	3	6
4	5	7	2	8	3	9	6	1
3	1	6	9	4	5	8	2	7
8	2	9	7	1	6	3	4	5